बीपीसीएल **#दगुडप्रिंट (#TheGoodPrint)** के तहत प्राकृतिक गैस पहलों के साथ सतत विकास को बढ़ावा।

मुंबई**, 29** सितंबर: फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनी और भारत के अग्रणी तेल एवं गैस उद्यमों में से एक, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने #दगुडप्रिंट (#TheGoodPrint) पहल शुरू करके भारत के स्वच्छ ऊर्जा भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मज़बूत किया है। यह स्थिरता-आधारित दृष्टिकोण लक्षित पहुँच और प्रोत्साहनों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस को अपनाने को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

इस पहल के तहत, बीपीसीएल के गैस व्यवसाय विभाग ने दो केंद्रित अभियान - AHA CNG और PNG उत्सव - शुरू किए हैं, जिनका उद्देश्य व्यक्तियों और व्यवसायों दोनों को प्राकृतिक गैस को एक स्वच्छ, सुरक्षित और अधिक किफायती ईंधन विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है:

* AHA CNG (5 सितंबर - 4 नवंबर 2025)

* अपने वाहनों को सीएनजी में बदलने या नए सीएनजी वाहन खरीदने वाले ग्राहकों को ₹6,000 का सीएनजी ईंधन वाउचर प्रदान करता है।

* आधुनिक परिवहन के लिए सीएनजी को एक स्मार्ट, किफ़ायती और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प के रूप में स्थापित करता है।

* पीएनजी उत्सव (1 सितंबर - 31 अक्टूबर 2025)

* होटलों, रेस्टोरेंट, बेकरी और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में नए पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन के लिए शून्य कनेक्शन शुल्क की पेशकश करता है।

* पीएनजी को एक सुरक्षित, विश्वसनीय, किफ़ायती और पर्यावरण-अनुकूल ईंधन के रूप में रेखांकित करता है, साथ ही इसकी नल पर उपलब्धता की सुविधा भी प्रदान करता है।

बीपीसीएल के निदेशक **(**विपणन**)** श्री**.** शुभंकर सेन ने कहा**,** "प्राकृतिक गैस भारत के ऊर्जा परिवर्तन के केंद्र में है और बीपीसीएल को इस परिवर्तन का नेतृत्व करने पर गर्व है। #दगुडप्रिंट (#TheGoodPrint) के साथ, हम टिकाऊ विकल्पों को सुलभ, किफ़ायती और आकांक्षापूर्ण बना रहे हैं। "एएचए सीएनजी" (AHA CNG) और "पीएनजी उत्सव" (PNG Utsav) जैसी पहल पर्यावरणीय कल्याण सुनिश्चित करते हुए भारत के विकास को गति देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।"

बीपीसीएल के बिज़नेस हेड (गैस) श्री. राहुल टंडन ने कहा, "बीपीसीएल गैस बिज़नेस में, हमारी यात्रा हमेशा केवल ऊर्जा प्रदान करने से कहीं आगे रही है - यह एक स्वच्छ और हरित भविष्य को संभव बनाने के बारे में है। अपनी पहल #दगुडप्रिंट (#TheGoodPrint) के माध्यम से, हम अपने संचालन, संचार और ग्राहक जुड़ाव के हर चरण में स्थिरता को समाहित कर रहे हैं। हमारा दृढ़ विश्वास है कि छोटे-छोटे कार्य भी स्थायी सकारात्मक प्रभाव पैदा कर सकते हैं। हमारे लिए स्थिरता केवल एक ज़िम्मेदारी नहीं, बल्कि एक बेहतर कल को आकार देने का एक अवसर है।" "एएचए सीएनजी" और "पीएनजी उत्सव" जैसे अभियान हमें समुदायों और व्यवसायों के साथ सीधे जुड़ने में मदद कर रहे हैं, जिससे वे भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन में सक्रिय भागीदार बन सकें।"

बीपीसीएल की विस्तार रणनीति में अपने शहरी गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क का तेज़ी से विस्तार करना शामिल है, जो अब 26 भौगोलिक क्षेत्रों में स्वतंत्र रूप से और 26 अन्य क्षेत्रों में संयुक्त उद्यमों के माध्यम से संचालित हो रहा है, और भारत की लगभग 20 प्रतिशत आबादी तक पहुँच रहा है।
बीपीसीएल प्रदूषण के #दगुडप्रिंट समाधान के माध्यम से पर्यावरणीय स्थिरता के लिए एक सामूहिक आंदोलन को बढ़ावा देते हुए भारत की विकास गाथा को गति प्रदान कर रहा है।

---

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड **(BPCL)** के बारे में:

फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनी, भारत पेट्रोलियम, भारत की दूसरी सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी (ऑयल मार्केटिंग कंपनी) है और एक एकीकृत ऊर्जा कंपनी है, जो कच्चे तेल के रिफाइनिंग (शोधन) और पेट्रोलियम उत्पादों के विपणन में संलग्न है। यह कंपनी तेल और गैस उद्योग के अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम दोनों क्षेत्रों में सक्रिय है। भारत पेट्रोलियम को प्रतिष्ठित 'महानवरत्न (महान रत्न)' का दर्जा प्राप्त है, जिससे इसे अधिक परिचालनिक और वित्तीय स्वायत्तता प्राप्त हुई है।
भारत पेट्रोलियम की रिफाइनरी (शोधनगृह) मुंबई, कोच्चि और बीना में स्थित हैं, जिनकी कुल शोधन क्षमता लगभग 35.3 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (MMTPA) है। इसके विपणन ढांचे में एक विस्तृत नेटवर्क शामिल है जिसमें इन्स्टॉलेशन, डिपो, फ्यूल स्टेशन, एविएशन सर्विस स्टेशन और एलपीजी वितरक शामिल हैं। इसकी वितरण नेटवर्क में शामिल हैं:
23,500+ फ्यूल स्टेशन 6,200+ एलपीजी वितरक 500+ ल्यूब्रिकेंट्स वितरक 80 POL भंडारण स्थल54 एलपीजी बॉटलिंग प्लांट 79 एविएशन सर्विस स्टेशन 5 ल्यूब्रिकेंट ब्लेंडिंग प्लांट 5 क्रॉस-कंट्री पाइपलाइंस भारत पेट्रोलियम अपनी रणनीति, निवेशों, पर्यावरणीय और सामाजिक लक्ष्यों को एकीकृत करके एक सतत (सस्टेनेबल) भविष्य की ओर अग्रसर है। कंपनी ने 6500+ फ्यूल स्टेशनों पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए हैं।
सतत समाधान (सस्टेनेबल सॉल्यूशंस) पर केंद्रित रहते हुए, कंपनी ने एक इकोसिस्टम विकसित करना शुरू किया है और 2040 तक स्कोप 1 और स्कोप 2 उत्सर्जन में नेट ज़ीरो एनर्जी कंपनी बनने का रोडमैप तैयार किया है।
भारत पेट्रोलियम समुदायों के साथ साझेदारी करते हुए शिक्षा, जल संरक्षण, कौशल विकास, स्वास्थ्य, सामुदायिक विकास, क्षमता निर्माण और कर्मचारी स्वयंसेवा जैसे क्षेत्रों में कई पहलों का समर्थन करता है।
'एनरजाइजिंग लाइव्स' (Energising Lives) को अपने मूल उद्देश्य के रूप में अपनाते हुए, भारत पेट्रोलियम का दृष्टिकोण है: प्रतिभा, नवाचार और प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए एक प्रशंसित वैश्विक ऊर्जा कंपनी बनना।

---

**For further details, please get in touch with;**


S. Abbas Akhtar,
Executive Director (PR & Brand),
Email: akhtars@bharatpetroleum.in
Phone: +91 22 22713340

Saurabh Jain,
Deputy General Manager (PR & Brand)
Email: jains4512@bharatpetroleum.in
Phone: + 91 9895095210

Priyanka Shinde
M: +91 84335 78070
E: priyanka.shinde@conceptpr.com